## <u>डिस्कलेमर</u>

आदेश संख्या 17/2026-27 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

*********

**आदेश संख्या 17/2026-27**

तृतीय तल
उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा
नई दिल्ली-110003

**जारी करने की तारीख: 03.09.2026**

| | | |
|---|---|---|
| **सेवा** | **:** | **ब्रिज माउंटेड उपस्कर (बीएमई) सेवाएँ** |
| **सेवा प्रदाता** | **:** | **मेंज़ीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (एमएआईपीएल)** |
| **हवाईअड्डा** | **:** | **केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (केआईए), बैंगलुरु** |
| **हवाईअड्डा प्रचालक** | **:** | **बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल)** |

**विषय : मैंसर्स मेंजीज एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलोर में प्रदान की जानी वाली ब्रिज माउंटेड उपस्कर (बीएमई) सेवाओं के लिए वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 31.03.2027 तक के लिए तदर्थ टैरिफ निर्धारित करने के मामले में।**

**मेंज़ीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की प्रस्तुति :**

1. मैसर्स मेन्ज़ीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, स्वतंत्र सेवा प्रदाता (आईएसपी), ने दिनांक 26.06.2026 के अपने पत्र (दिनांक 26.06.2026 की ई-मेल के माध्यम से प्राप्त) के माध्यम से प्राधिकरण को सूचित किया है कि इन्हें केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (केआईए), बैंगलुरु में ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के प्रावधान के लिए हवाईअड्डा प्रचालक अर्थात, बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) द्वारा निविदा प्रक्रिया में सफल बोलीदाता के रूप में चुना गया है। हवाईअड्डा प्रचालक (बीआईएएल) ने दिनांक 26.06.2026 के अपने पत्र के माध्यम से ऐरा को केआईए, बेंगलुरु में ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के रूप में मेन्ज़ीज एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की नियुक्ति के बारे में भी सूचित किया है और प्राधिकरण से केआईए, बैंगलुरु में आईएसपी की बीएमई सेवाओं के संबंध में अंतरिम टैरिफ के अनुमोदन के लिए अनुरोध किया है।

2. इसके बाद, हवाईअड्डा प्रचालक और मैसर्स मेन्ज़ीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने दिनांक 30.06.2026 को एक करार किया, जिसके अंतर्गत हवाईअड्डा प्रचालक ने यह करार लागू होने की तारीख से 15 (पंद्रह) वर्ष की अवधि के लिए केआईए, बैंगलुरु में ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के प्रावधान के लिए आईएसपी को लाइसेंस प्रदान किया है।

3. आईएसपी ने सूचित किया कि केआईए में ब्रिज माउंटेड सेवाएं पहले मैसर्स सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जाती थी । दिनांक 15.05.2026 को, बीसीएएस ने मैसर्स सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दी गई सुरक्षा अनुमति को रद्द कर दिया। बीआईएएल ने केआईए में बीएमई प्रचालनों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से एक नियमित सेवा प्रदाता की नियुक्ति तक, मैसर्स एयर इंडिया सैट्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) को एक कामचलाऊ व्यवस्था के रूप में बीएमई प्रचालन सौंपे।

4. आईएसपी ने दिनांक 26.06.2026 की उपर्युक्त ईमेल के माध्यम से यह भी कहा कि वे केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपनी ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के संबंध में नियमित टैरिफ के निर्धारण के लिए बहुवर्षीय टैरीफ प्रस्ताव (एमवाईटीपी) तैयार कर रहे हैं और प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि वे ऐरा द्वारा पहले की एजेंसी अर्थात मैसर्स सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए दिनांक 27.08.2021 के आदेश सं. 10/2021-22 के दिनांक 13.07.2022 के परिशिष्ट द्वारा अनुमोदित टैरिफ के आधार पर बैंगलुरु हवाई अड्डे पर ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के संबंध में प्रस्तावित तदर्थ टैरिफ के लिए अनुमोदन प्रदान करें।

5. केआईए, बैंगलुरु में बीएमई सेवाओं के लिए तदर्थ टैरिफ के अनुमोदन के उद्देश्य से मैसर्स मेन्ज़ीज एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए:

   i) वाणिज्यिक परिचालन की तारीख (सीओडी) से प्रभावी 15 वर्ष की अवधि के लिए वैध सेवा प्रदाता अधिकार धारक (एसपीआरएच) करार की प्रति।

   ii) बीसीएएस द्वारा जारी करने की तारीख से 5 (पांच) वर्ष के लिए वैध दिनांक 18.05.2026 के पत्र संख्या 1245/16/2026-बैंगलुरू बीसीएएस (ई-285893) द्वारा जारी सुरक्षा अनुमति ।

**<u>प्राधिकरण की जांच</u>**

6. प्राधिकरण ने नोट किया है कि कैंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के हवाईअड्डा प्रचालक, बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) ने केआईए, बैंगलुरु में ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के प्रावधान के लिए निविदा प्रक्रिया में मेन्ज़ीज एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को एक सफल बोलीदाता के रूप में चुना है। हवाईअड्डा प्रचालक और आईएसपी ने प्रभावी तारीख' से शुरू 15 वर्ष की अवधि के लिए बैंगलुरु हवाई अड्डे पर ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के प्रावधान के लिए दिनांक 30.06.2026 को सेवा प्रदाता अधिकार धारक करार (एसपीआरएचए) किया।

7. यह नोट किया गया है कि आईएसपी ने बीसीएएस से दिनांक 18.05.2026 के पत्र संख्या 1245/16/2026-बैंगलुरू -बीसीएएस (ई-285893) के द्वारा सुरक्षा अनुमति प्राप्त कर ली है, जो पत्र जारी करने की तारीख से 5 (पांच) वर्ष के लिए वैध है।

8. आईएसपी ने प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि वे ऐरा द्वारा पहले बीएमई सेवा प्रदाता अर्थात मैसर्स सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए दिनांक 27.08.2021 के टैरीफ आदेश सं. 10/2021-22 के दिनांक 13.07.2022 के परिशिष्ट द्वारा अनुमोदित टैरिफ के आधार पर ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के संबंध में तदर्थ टैरिफ के लिए अनुमोदन प्रदान करें।

9. आईएसपी के अनुरोध की जांच करने के बाद, प्राधिकरण का यह मत है कि सेवा प्रदाता को ऐरा के विनियामक ढांचे के अनुसार बहुवर्षीय टैरीफ प्रस्ताव (एमवाईटीपी) प्रस्तुत करने और आईएसपी के संबंध में बीएमई सेवाओं से संबंधित नियमित टैरिफ के निर्धारण की यथोचित विनियामक प्रक्रिया को पूरा करने में थोड़ा समय लगेगा। इस बीच, प्राधिकरण ने, अंतरिम उपाय के रूप में, पूर्व सेवा प्रदाता मैसर्स सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए ऐरा द्वारा पहले अनुमोदित टैरिफ के आधार पर केआईए, बैंगलुरु में आईएसपी की ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के संबंध में इसके लिए तदर्थ टैरिफ मानने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण द्वारा आईएसपी के लिए तय तदर्थ टैरिफ इस आदेश के **संलग्नक-I** में दी गई है।

**<u>आदेश</u>**

रिकॉर्ड में उपलब्ध तात्विक सामग्री पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरांत प्राधिकरण भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13(1) (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा आदेश देता है कि :

(i) मैंसर्स मेंज़ीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलोर में संलग्नक - I के अनुसार **वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी)** से **31.03.2027 तक**, या स्वतंत्र सेवा प्रदाता के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक**,** जो भी पहले हो**,** ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के लिए तदर्थ आधार पर प्रभार वसूल और संग्रहित करने की अनुमति दी जाती है।

(ii) यह देखते हुए कि ब्रिज माउंटेड उपस्कर (बीएमई) सेवाएं ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं का हिस्सा हैं, तदनुसार, आईएसपी द्वारा केआईए, बेंगलुरु में प्रदान की जाने वाली ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए टैरिफ के साथ-साथ इसकी बीएमई सेवाओं के संबंध में आईएसपी के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित की जाएगी।

(iii) प्राधिकरण यह निर्णय लेता है कि ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के लिए अन्तर्देशीय नॉन शेड्यूल्ड और सामान्य विमानन प्रचालकों' के लिए टैरिफ समान श्रेणी के विमान के लिए संगत अन्तर्देशीय शेड्यूल्ड उड़ानों के लिए तदनुरूप अनुमोदित टैरिफ से अधिक नहीं होगी।

(iv) यहाँ अनुमोदित टैरिफ, ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं के लिए प्रयोक्ताओं पर लगाई जाने वाली अधिकतम टैरिफ होगी। अनुमोदित टैरिफ के अतिरिक्त कोई अन्य प्रभार नहीं लगाया जाएगा।

(v) ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवा प्रभार का विदेशी मुद्रा में भुगतान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की पिछले माह की अंतिम तारीख को विद्यमान मुद्रा परिवर्तन दर पहले पखवाड़े के लिए लागू होगी और माह की पंद्रह (15) तारीख को विद्यमान दर दूसरे पखवाड़े के लिए लागू होगी।

(vi) मेंजीज़ एविएशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 27.10.2022 के पत्र संख्या एवी-24011/10/2021-एएआई-मोका द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कैंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलोर में ग्राउंड हैंडलिंग उपस्कर के मानकीकरण का अनुपालन सुनिश्चित करेगी।

(vii) आईएसपी ब्रिज माउंटेड उपस्कर सेवाओं सहित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए नियमित टैरिफ के निर्धारण के लिए इस आदेश के जारी होने के तीन माह के भीतर एमवाईटीपी प्रस्तुत करेगा।

(viii) हवाईअड्डा प्रचालक इस तदर्थ टैरिफ को सभी हितधारकों की जानकारी के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।

(ix) इसमें ऊपर निर्धारित टैरिफ में लागू कर, यदि कोई हो, शामिल नहीं है।

(x) हवाईअड्डा प्रचालक इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चत करेगा।

**प्राधिकारी की और से जारीकर्ता**

**(सुयश नारायण)**
**सचिव**

**सेवामें**,

श्री जयंत वी. राव,
मुख्य वित्त अधिकारी,
मेंज़ीज़ एविएशन (इंडिया) ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
कार्गो टर्मिनल,1 प्लॉट सं. सी-04 एल
केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलौर-560300

**प्रतिलिपि सूचनार्थ**,

1) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली–110003
2) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलौर